# 61 एनएच की डीपीआर के लिए 229 करोड़ मिले

## बीते साल नितिन गडकरी ने की थी घोषणा, अब टेंडर होंगे

**प्रवीण कुमार**

हमीरपुर।

हिमाचल में घोषित 61 नए नेशनल हाइवे की डीपीआर को केंद्र से 229 करोड़ रुपये का बजट मिल गया है। केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बीते वर्ष हमीरपुर दौरे के दौरान नए नेशनल हाइवे बनाने की घोषणा की थी। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ने सबसे पहले धनेटा-बड़सर वाया शाहतलाई-बरठी राज्यमार्ग को एनएच बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। डीपीआर के लिए बजट की स्वीकृति मिलते ही अब एनएच अथॉरिटी टेंडर आमंत्रित करने जा रहा रहा है।

धनेटा से बिलासपुर के बरठी तक इस मार्ग की कुल दूरी 61 किलोमीटर है। वर्तमान में यह मार्ग लोक निर्माण विभाग के पास है। इस मार्ग पर जगह-जगह तंग मोड़, सड़कों की कम चौड़ाई और मरम्मत के अभाव में जगह-जगह गड्ढे हैं। इसके चलते इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### धनेटा-बड़सर वाया शाहतलाई-बरठी को एनएच बनाने की प्रक्रिया शुरू

कई बार इस मार्ग पर सड़क हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन टेंडर आमंत्रित होने के बाद शीघ्र ही इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार होगी। इसके बाद इस मार्ग को एनएच के स्टैंडर्ड के मुताबिक चौड़ा करने के लिए पेड़ों की डिमार्केशन और कटाई और अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू होगी।

### 61 किलोमीटर है धनेटा से बिलासपुर के बरठी तक के मार्ग की कुल लंबाई

उधर, एनएच के एक्सईएन एचएल शर्मा ने कहा कि नए नेशनल हाइवे की डीपीआर के लिए बजट आ चुका है। सबसे पहले धनेटा-बड़सर वाया शाहतलाई-बरठी को एनएच बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

# स्वतंत्रता दिवस पर सूबे में पुलिस का हाई अलर्ट

## चेकिंग के बाद ही प्रदेश में दाखिल हो सकेंगे वाहन

**अमर उजाला ब्यूरो**

शिमला।

स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेशभर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने जिला पुलिस को अलर्ट जारी किया है। अलर्ट में सभी एसपी को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के साथ ही हर छोटी सूचना को भी मुख्यालय से साझा करने, होटलों सरायों की सघन चेकिंग व प्रदेश में आने वाले वाहनों पर खास नजर रखने को कहा गया है। निर्देश के बाद पूरे प्रदेश में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करनी शुरू कर दी है।

डीजीपी सोमेश गोयल ने बताया कि सभी एसपी को निर्देश दिए गए हैं कि अपने जिले के सभी होटलों, सरायों व धर्मशालाओं की चेकिंग कराएं। अगले तीन दिन तक प्रदेश में दाखिल होने वाले हर वाहन को सघन चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया जाए। इसके लिए सभी एसपी को दूसरे राज्यों से लगती सीमाओं पर स्थित पुलिस नाकों पर नफरी बढ़ाने को भी कहा गया है। गोयल ने कहा कि रामपुर में प्रस्तावित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अलावा सभी जिला मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम आयोजित होने हैं, इसलिए सभी एसपी को अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा गया है।

### होटल, सरायों में रुकने वालों पर भी रहेगी पुलिस की खास निगाह



### रामपुर में तैनात किए जाएंगे कमांडो

रामपुर बुशहर में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम की सुरक्षा में कमांडो तैनात होंगे। एसपी शिमला सौम्या सांबशिवन पहले ही रामपुर रवाना हो चुकी हैं। उनके अलावा करीब दस अफसरों और सैकड़ों पुलिस कर्मियों को कार्यक्रम स्थल के आसपास तैनात किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल के कोर एरिया में सुरक्षा घेरा कमांडो संभालेंगे।


## Vacancy Position

Applications are hereby invited for filling up the post of Accountant in the office of the Competent Authority-cum-Aequisition-cum-Sub Divisional Magistrate. Solan upto 19th August. 2017. Applicants must mcntion their email id & mobile number in application form. Selection will be based on personal interview to be conducted.

| Name of Post | Qualification | Emoluments | Duration |
|---|---|---|---|
| Accountant | B.Com and basic computer (M.S Office). specialisation accounts, of any | Rs. 16,000/- | One year (temporary basis) |

**Sub Divisional Magistrate.**
**Solan. District Solan. H.P.**






IndianOil | Bharat Petroleum | हिन्दुस्तान पेट्रोलियम HP | स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

## हिमाचल प्रदेश राज्य में एलपीजी वितरकों की नियुक्ति हेतु सूचना

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) हिमाचल प्रदेश राज्य में विभिन्न श्रेणियों से सम्बन्धित उम्मीदवारों से निम्नलिखित स्थानों पर विभिन्न श्रेणियों के अन्तर्गत एलपीजी वितरकों की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव करते हैं:

| क्रम सं. | तेल कम्पनी | स्थान (जहाँ लागू हो, वहाँ स्थानीय विवरण के साथ) | ग्राम पंचायत | ब्लॉक | जिला | श्रेणी** | बाजार का प्रकार / एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप–रूर्बन / ग्रामीण / दुर्गम क्षेत्रीय वितरक | प्रतिभूति राशि (₹ लाख में) | मार्केटिंग प्लान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बीपीसी | श्री नैनादेवी | श्री नैनादेवी | श्री नैनादेवी | बिलासपुर | एसटी | दुर्गम | 2 | 2017–18 |
| 2 | बीपीसी | गलोड़खास / लहड़ा | गलोड़खास / लहड़ा | नादौन | हमीरपुर | ओबीसी (महिला) | दुर्गम | 3 | 2017–18 |
| 3 | बीपीसी | सरोत्री | सरोत्री | नगरोटा बगवां | कांगड़ा | ओपन (महिला) | दुर्गम | 4 | 2017–18 |
| 4 | बीपीसी | तुन्नन | तुन्नन | निरमण्ड | कुल्लू | ओपन (महिला) | दुर्गम | 4 | 2017–18 |
| 5 | बीपीसी | जंजैहली | जंजैहली | सिराज | मण्डी | ओबीसी (महिला) | दुर्गम | 3 | 2017–18 |
| 6 | बीपीसी | गद्दों | शदयाना | सोलन | सोलन | ओपन | दुर्गम | 4 | 2017–18 |
| 7 | बीपीसी | सतौन | सतौन | कमराऊ | सिरमौर | एससी | दुर्गम | 2 | 2017–18 |
| 8 | बीपीसी | जलोग | ओगली | सुन्नी | शिमला | ओपन (महिला) | दुर्गम | 4 | 2017–18 |
| 9 | बीपीसी | मैढ़ी खास | मैढ़ी खास | अम्ब | ऊना | ओबीसी | दुर्गम | 3 | 2017–18 |
| 10 | बीपीसी | ऊहल | ऊहल | बमसन (टौंणी देवी) | हमीरपुर | ओबीसी | ग्रामीण | 3 | 2017–18 |
| 11 | बीपीसी | धर्मपुर | धर्मपुर | धर्मपुर | मण्डी | एससी | ग्रामीण | 2 | 2017–18 |
| 12 | बीपीसी | नेरवा | नेरवा | चौपाल | शिमला | ओपन | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 13 | एचपीसी | भरोली कलां | भरोली कलां | झंण्डुता | बिलासपुर | ओपन | दुर्गम | 4 | 2017–18 |
| 14 | एचपीसी | मैहला | मैहला | मैहला | चम्बा | ओबीसी (जीपी) | दुर्गम | 3 | 2017–18 |
| 15 | एचपीसी | मालग (कांगू) | मालग (कांगू) | नादौन | हमीरपुर | ओपन (महिला) | दुर्गम | 4 | 2017–18 |
| 16 | एचपीसी | कोटला बेहर | कोटला बेहर | जसवां | कांगड़ा | ओपन | दुर्गम | 4 | 2017–18 |
| 17 | एचपीसी | घरोट | घरोट | गोहर | मण्डी | एससी | दुर्गम | 2 | 2017–18 |
| 18 | एचपीसी | सरस्वती नगर | सावड़ा सरस्वती नगर | जुब्बल कोटखाई | शिमला | ओपन | दुर्गम | 4 | 2017–18 |
| 19 | एचपीसी | हुरला | हुरला | कुल्लू | कुल्लू | एससी | दुर्गम | 2 | 2017–18 |
| 20 | एचपीसी | संगड़ाह | संगड़ाह | संगड़ाह | सिरमौर | ओपन | दुर्गम | 4 | 2017–18 |
| 21 | एचपीसी | कोटला | कोटला | नगरोटा सूरियां | कांगड़ा | ओबीसी | ग्रामीण | 3 | 2017–18 |
| 22 | एचपीसी | चौंतड़ा | चौंतड़ा | चौंतड़ा | मण्डी | ओबीसी (महिला) | ग्रामीण | 3 | 2017–18 |
| 23 | एचपीसी | माजरा | माजरा | पांवटा | सिरमौर | ओपन | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 24 | आईओसी | कोठुआं (संधोल) | कोठुआं | धर्मपुर | मण्डी | ओपन (महिला) | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 25 | आईओसी | सराहन | सराहन | रामपुर | शिमला | ओपन (महिला) | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 26 | आईओसी | सैंज | सैंज | ठियोग | शिमला | एससी | ग्रामीण | 2 | 2017–18 |
| 27 | आईओसी | सराहन कलां | सराहन | पछाद | सिरमौर | ओबीसी | ग्रामीण | 3 | 2017–18 |
| 28 | आईओसी | घुलेई | घुलेई | तीसा | चम्बा | ओपन | दुर्गम | 4 | 2017–18 |
| 29 | आईओसी | चिन्तपुर्णी | चिन्तपुर्णी | अम्ब | ऊना | ओपन | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 30 | आईओसी | लध्यानी | लध्यानी | घुमारवीं | बिलासपुर | ओबीसी | दुर्गम | 3 | 2017–18 |
| 31 | आईओसी | बरठीं | बरठीं | झंण्डुता | बिलासपुर | ओपन | दुर्गम | 4 | 2017–18 |
| 32 | आईओसी | बकलोह | बकलोह | भटियात | चम्बा | ओपन (महिला) | दुर्गम | 4 | 2017–18 |
| 33 | आईओसी | कक्कड़ | कक्कड़ | बमसन (टौंणी देवी) | हमीरपुर | ओपन (सीसी) | दुर्गम | 4 | 2017–18 |
| 34 | आईओसी | समतानाकलॉ | समतानाकलॉ | बिझड़ी | हमीरपुर | ओपन (जीपी) | दुर्गम | 4 | 2017–18 |
| 35 | आईओसी | कश्मीर | कश्मीर | नादौन | हमीरपुर | ओबीसी | दुर्गम | 3 | 2017–18 |
| 36 | आईओसी | बड़ुखर | बड़ुखर | फतेहपुर | कांगड़ा | एससी | दुर्गम | 2 | 2017–18 |
| 37 | आईओसी | जरी | जरी | कुल्लू | कुल्लू | ओबीसी | दुर्गम | 3 | 2017–18 |
| 38 | आईओसी | चैलचौक | चैलचौक | गोहर | मण्डी | ओपन | दुर्गम | 4 | 2017–18 |
| 39 | आईओसी | थुनाग | थुनाग | सिराज | मण्डी | ओपन | दुर्गम | 4 | 2017–18 |
| 40 | आईओसी | पांगणा | पांगणा | करसोग | मण्डी | एससी (जीपी) | दुर्गम | 2 | 2017–18 |
| 41 | आईओसी | खांगटा | टिक्कर | रोहड़ू | शिमला | एससी (महिला) | दुर्गम | 2 | 2017–18 |
| 42 | आईओसी | नोहरा | नोहरा धार | संगड़ाह | सिरमौर | ओपन | दुर्गम | 4 | 2017–18 |
| 43 | आईओसी | टापरी | टापरी | निचार | किन्नौर | एसटी (महिला) | दुर्गम | 2 | 2017–18 |
| 44 | आईओसी | भरारी | भरारी | घुमारवीं | बिलासपुर | ओबीसी | दुर्गम | 3 | 2017–18 |
| 45 | आईओसी | नम्होल | नम्होल | नम्होल | बिलासपुर | ओपन | दुर्गम | 4 | 2017–18 |
| 46 | आईओसी | संसारपुर टेरेस | रिडी कुठेरा | जसवां | कांगड़ा | ओबीसी (महिला) | दुर्गम | 3 | 2017–18 |

**प्रयुक्त नामावली निम्नलिखित प्रकार से हैः–

ओपन – खुली श्रेणी
एससी / एसटी – अनुसूचित जाति श्रेणी / अनुसूचित जनजाति श्रेणी
ओबीसी – अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी
एससी / एसटी (जीपी) – रक्षा कार्मिक, केन्द्रीय / राज्य सरकार के कर्मचारी एवं केन्द्र / राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों सहित सरकारी कार्मिक जो एससी / एसटी श्रेणी में आते हैं।
ओबीसी (जीपी) – रक्षा कार्मिक, केन्द्रीय / राज्य सरकार के कर्मचारी एवं केन्द्र / राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों सहित सरकारी कार्मिक जो ओबीसी श्रेणी में आते हैं।
ओपन (जीपी) – रक्षा कार्मिक, केन्द्रीय / राज्य सरकार के कर्मचारी एवं केन्द्र / राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों सहित सरकारी कार्मिक जो खुली श्रेणी में आते हैं।
एससी / एसटी (पीएच) – शारीरिक विकलांग (दिव्यांग जन) जो एससी / एसटी श्रेणी में आते हैं।
ओबीसी (पीएच) – शारीरिक विकलांग (दिव्यांग जन) जो ओबीसी श्रेणी में आते हैं।
ओपन (पीएच) – शारीरिक विकलांग (दिव्यांग जन) जो खुली श्रेणी में आते हैं।
ओपन (सीसी) – संयुक्त श्रेणी जिसके अंतर्गत उत्कृष्ट खिलाड़ी (ओएसपी) व स्वतन्त्रता सेनानी (एफएफ) जो खुली श्रेणी में आते हैं।
एससी / एसटी (महिला) – महिलाएँ जो एससी / एसटी श्रेणी में आती हैं।
ओबीसी (महिला) – महिलाएँ जो ओबीसी श्रेणी में आती हैं।
ओपन (महिला) – महिलाएँ जो खुली श्रेणी में आती हैं।

1. एलपीजी वितरक के चयन हेतु पात्रता–मापदंड पर विस्तृत दिशानिर्देश, एलपीजी गोदाम / एलपीजी गोदाम के लिए भूमि की आधारभूत संरचना सम्बन्धी आवश्यकताओं, शोरूम हेतु भूमि / तैयार शोरूम, सिलेंडरो की होम–डिलीवरी के लिए आधारभूत संरचना इत्यादि सहित चयन–प्रक्रिया सम्बन्धी विस्तृत जानकारी एलपीजी वितरको के चयन के लिए विवरणिका में दी गई है, जिसे किसी भी तेल कंपनी अर्थात् आईओसीएल, बीपीसीएल तथा एचपीसीएल की वेबसाइट– **www.iocl.com, www.ebharatgas.com, www.bharatpetroleum.in, www.hindustanpetroleum.com** से डाउनलोड किया जा सकता है। विवरणिका वेबसाइटः **www.lpgvitarakchayan.in** से भी डाउनलोड की जा सकती है।
2. शहरी वितरक, रुर्बन वितरक, ग्रामीण वितरक या दुर्गम क्षेत्रीय वितरक (जो भी लागू हो) के तौर पर चयन हेतु आवेदन करने के इच्छुक तथा पात्रता–मापदण्डों को पूरा करने वाले सभी व्यक्ति वेबसाइटः **www.lpgvitarakchayan.in** पर लॉग ऑन कर स्वयं को वेबसाइट पर पंजीकृत करेंगे। पंजीकृत होने पर उन्हें वेबसाइट पर लॉग इन कर सभी संदर्भों में अपेक्षित विवरणों को भरना होगा तथा दिनांक **12.09.2017** को या इससे पहले 17.00 बजे तक ऑनलाइन आवेदन जमा करना होगा। आवेदन पत्र जमा करने से पूर्व, उम्मीदवारों को अपने पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ तथा अपने हस्ताक्षर की स्कैन की हुई प्रतिलिपियां अलग–अलग फाइलों में अपलोड करनी होगी, तथा वेबसाइट **www.lpgvitarakchayan.in** पर उपलब्ध इंटरनेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड सुविधा के माध्यम से लागू अप्रतिदेय आवेदन शुल्क भी जमा करना होगा। शहरी वितरक, रुर्बन वितरक, ग्रामीण वितरक तथा दुर्गम क्षेत्रीय वितरक के लिए लागू अप्रतिदेय आवेदन शुल्क का विवरण नीचे तालिका 1 एवं 2 में दिया गया हैः

**तालिका 1– शहरी वितरक एवं रूर्बन वितरक स्थानों के लिए अप्रतिदेय आवेदन शुल्क**

| श्रेणी | अप्रतिदेय आवेदन शुल्क |
|---|---|
| ओपन श्रेणी | ₹ 10,000 (दस हजार रुपये मात्र)** |
| ओबीसी | ₹ 5,000 (पाँच हजार रुपये मात्र) |
| एससी / एसटी | ₹ 3,000 (तीन हजार रुपये मात्र) |

** विज्ञापन / अधिसूचना में उल्लिखित **शहरी वितरक एवं रूर्बन वितरक** स्थानों के अंतर्गत ओपन श्रेणी के लिए आवेदन करने वाले एससी / एसटी उम्मीदवार अप्रतिदेय आवेदन शुल्क रु. 3,000 (तीन हज़ार रुपये मात्र) जमा कर सकते हैं। तथापि, वे उम्मीदवार जो ओबीसी श्रेणी से संबंध रखते हैं किंतु ''ओपन'' श्रेणी स्थानों के लिए आवेदन कर रहें हैं, को ''ओपन'' श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए लागू आवेदन शुल्क जमा करना होगा।

**तालिका 2– ग्रामीण वितरक स्थानों तथा दुर्गम क्षेत्रीय वितरक स्थानों के लिए अप्रतिदेय आवेदन शुल्क**

| श्रेणी | अप्रतिदेय आवेदन शुल्क |
|---|---|
| ओपन श्रेणी | ₹ 8,000 (आठ हजार रुपये मात्र)** |
| ओबीसी | ₹ 4,000 (चार हजार रुपये मात्र) |
| एससी / एसटी | ₹ 2,500 (दो हजार पाँच सौ रुपये मात्र) |

** खुली श्रेणी **ग्रामीण वितरक तथा दुर्गम क्षेत्रीय वितरक** स्थानों के लिए आवेदन करने वाले एससी / एसटी उम्मीदवार अप्रतिदेय आवेदन शुल्क रु. 2,500 (दो हज़ार पांच सौ रुपये मात्र) जमा कर सकते हैं। तथापि, वे उम्मीदवार जो ओबीसी श्रेणी से सम्बंध रखते हैं किंतु ''ओपन'' श्रेणी स्थानों के लिए आवेदन कर रहें हैं, को ''ओपन'' श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए लागू आवेदन शुल्क जमा करना होगा।

3. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे विस्तृत जानकारी के लिए विवरणिका देखें। आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया के संबंध में, उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पहले पोर्टल **www.lpgvitarakchayan.in** पर उपलब्ध 'आवेदकों के लिए यूज़र मैनुअल–एलपीजी वितरक चयन' को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।
4. ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात्, जब तक मांगा ना जाएं, किसी भी कार्यालय में कोई भी दस्तावेज या आवेदन पत्र का प्रिंट आउट भौतिक रूप में जमा करने की आवश्यकता नहीं है। बाद में, यदि लॉट्स के ड्रॉ में उम्मीदवार का चयन हो जाता है तो चयनित उम्मीदवार को सत्यापन के समय लागू निर्धारित पात्रता संबंधी प्रमाणपत्रों को प्रस्तुत करना होगा। रक्षा कार्मिक श्रेणी के अंतर्गत आवेदन करने वाले आवेदकों को विवरणों के फील्ड सत्यापन के समय महानिदेशालय पुनर्स्थापन (डीजीआर) से जारी मूल पात्रता प्रमाणपत्र जमा करना होगा। विस्तृत विवरण के लिए कृपया विवरणिका देखें।
5. **सामान्य**
   - क. इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि., भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि., या हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. कोई कारण बताए बिना अपने विवेकानुसार इस विज्ञापन को रद्द करने / वापस लेने / संशोधन करने अथवा आवेदन पत्र जमा करने की निर्धारित तिथि को आगे बढ़ाने का सुरक्षित रखते हैं।
   - ख. उम्मीदवार द्वारा विभिन्न स्थानों के लिए आवेदन किया जा सकता है, ऐसा करते समय, उन्हें प्रत्येक मामले में लागू अप्रतिदेय आवेदन शुल्क के साथ प्रत्येक स्थान के लिए पृथक–पृथक ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करना होगा। आवेदक एक स्थान के लिए केवल एक ही आवेदन कर सकते हैं।
   - ग. यदि आवेदन–पत्र अथवा आवेदन के दौरान जमा कराये गये दस्तावेजों में बाद में आवेदक द्वारा दिया कोई कथन / घोषणा किसी भी समय / किसी भी स्तर पर छुपाई गई हो / गलत रूप में प्रस्तुत की गई हो / गलत या झूठी पाई गई हो, जो पात्रता पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हो, तो आवेदन–पत्र को कोई कारण बताए बिना निरस्त किया जा सकता है और यदि आवेदक को एलपीजी वितरक (डिस्ट्रीब्यूटर) के रूप में नियुक्त किया जा चुका है तो उसकी डिस्ट्रीब्यूटरशिप समाप्त कर दी जा सकती है तथा सम्बंधित तेल विपणन कंपनी को भुगतान किया गया अप्रतिदेय आवेदन शुल्क / जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी। ऐसे मामलों में उम्मीदवार / डिस्ट्रीब्यूटर का सम्बन्धित तेल विपणन कंपनी के विरूद्ध कोई दावा चाहे जो हो, स्वीकार नहीं होगा।
   - घ. यह संभावित उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने के लिए केवल विज्ञापन / अधिसूचना है तथा एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए प्रस्ताव नहीं है।
   - ङ. उम्मीदवारों के साथ समस्त पत्र व्यवहार उनके पंजीकृत ई–मेल आईडी या पंजीकृत फोन नंबर पर ई–मेल तथा / अथवा एसएमएस द्वारा पोर्टल **www.lpgvitarakchayan.in** के माध्यम से किया जायेगा।
   - च. यह पूरी तरह एक व्यापारिक प्रस्ताव है और यह सम्बन्धित तेल कंपनी में नौकरी के लिए आवेदन नहीं है और इसमें सामान्य व्यापारिक जोखिम हैं और साथ ही यह किसी भी प्रकार के निश्चित लाभ या प्रतिलाभ की गारंटी नहीं देता।
   - छ. यदि इस विज्ञापन के अंग्रेजी संस्करण तथा संमुखीन मातृभाषा संस्करण में कोई विसंगति पाई जाती है तो इसके मातृभाषा संस्करण में प्रस्तुत निर्देश / जानकारी प्रभावी होगी।
   - ज. यदि वेबसाइट **www.lpgvitarakchayan.in** तथा इस विज्ञापन / अधिसूचना में दिए गए विवरणों में विसंगति पाई जाती है तो प्रकाशित विज्ञापन / अधिसूचना में दी गई जानकारी प्रभावी होगी।
   - झ. इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि., भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि., या हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. आवेदक के बैंक खाते / डेबिट कार्ड खाते / क्रेडिट कार्ड खाते से काटी गई किसी भी राशि के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे, जो सम्बंधित तेल कंपनी के सम्बद्ध बैंक खाते में अंतरित या जमा नहीं की गई है।
   - ञ. इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि., भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि., या हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. आवेदक द्वारा उसके बैंक खाते / डेबिट कार्ड खाते / क्रेडिट कार्ड खाते से आवेदन हेतु ऑनलाइन भुगतान की गई किसी अतिरिक्त राशि को वापस लौटाने के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।